**मुख्य समाचार :–**

- देश में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर आठ साल के निचले स्तर एक दशमलव पांच–पांच प्रतिशत पर पहुंची।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा फहराया।
- आईआईटी रुड़की ने वायरलेस संचार और रडार सिस्टम पर हुए शोध को लेकर कॉमेट फाउंडेशन और आईआईआईटी बैंगलोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- मौसम विभाग ने आज प्रदेश के आठ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया।

**खुदरा मुद्रास्फीति**

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर आठ साल के निचले स्तर एक दशमलव पांच–पांच प्रतिशत पर आ गई, जो जून में दो दशमलव एक प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार यह जून 2017 के बाद साल–दर–साल सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। इस बीच ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति घटकर एक दशमलव एक–आठ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में दो दशमलव शून्य–पांच प्रतिशत रह गई।

**मुख्यमंत्री/तिरंगा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा फहराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज जन–जन तक पहुंचकर राष्ट्रभक्ति का एक महाअभियान बन चुका है। तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की, कि इस स्वतंत्रता दिवस पर सभी अपने घर, कार्यालय, दुकान आदि पर तिरंगा गर्व और सम्मान के साथ फहराएं तथा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सेनानियों को नमन करें। साथ ही तिरंगे के साथ अपनी फोटो लेकर harghartiranga.com पर अवश्य साझा करें।

**गृह मंत्रालय**

गृह मंत्रालय ने विदेश में रहनेवाले भारतीय नागरिकों– ओसीआई से संबंधित नियम कड़े कर दिये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को दो वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा सुनाई जाती है, या उसके विरुद्ध सात वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा वाले अपराध के लिए आरोप–पत्र दायर किया जाता है, तो उसका ओसीआई पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। ओसीआई कार्ड विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों और उनके जीवनसाथी को बहु–प्रवेश, बहुउद्देश्यीय आजीवन वीज़ा के साथ–साथ कुछ आर्थिक और शैक्षिक अधिकार प्रदान करते हैं। एक रिपोर्ट–

**दूरदर्शन रजत जयंती**

दूरदर्शन देहरादून ने अपनी 25वीं वर्षगांठ कल एक शानदार सांस्कृतिक संध्या "कलादर्शनम" के रूप में मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर आकाशवाणी के कलाकारों ने अपने सुर और गजलों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पिछले 25 वर्षों

से दूरदर्शन देहरादून सिर्फ़ खबरें और कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोक–परंपराओं और संस्कृति को घर–घर तक पहुंचा रहा है और ये यात्रा आगे भी ऐसे ही जारी रहेगी।

**आईआईटी रुड़क समझौता**

आईआईटी, रुड़की ने कॉमेट फाउंडेशन, आईआईआईटी बैंगलोर और मेंटिसवेव नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत एक खास रीकॉन्फिगरेबल इंटेलिजेंट सरफेस– आरआईएस तकनीक का लाइसेंस दिया जाएगा, जो वायरलेस संचार और रडार सिस्टम में नए शोध को बाजार तक पहुंचाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर एकांत शर्मा और आईआईआईटी बैंगलोर के प्रोफेसर प्रेम सिंह के नेतृत्व में बनी शोध टीम ने इस नई तकनीक को तैयार किया है। इस आरआईएस डिज़ाइन में कई यूनिट सेल्स हैं, जिनमें अलग–अलग परतें और उन्नत आरएफ सर्किट हैं। यह तकनीक विद्युत चुम्बकीय संकेतों को तुरंत बदलने में सक्षम है, जिससे 6–जी नेटवर्क, स्मार्ट सेंसिंग सिस्टम और नए वायरलेस ढांचे में बड़े बदलाव हो सकते हैं। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के पंत ने कहा कि मेंटिसवेव नेटवर्क्स के साथ यह साझेदारी दिखाती है कि शिक्षा और उद्योग मिलकर भारत की तकनीकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ला सकते हैं। मुख्य आविष्कारक डॉ. एकांत शर्मा ने कहा यह तकनीक संचार और स्मार्ट सेंसिंग के क्षेत्र में क्रांति ला सकती है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत और बागेश्वर जिलों के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिलों के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम की चेतावनी को देखते हुए आज देहरादून, बागेश्वर, चम्पावत और अल्मोड़ा सहित कुछ अन्य जिलों में कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

**जिलाधिकारी निरीक्षण**

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने शहर के चार स्थानों पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कुठाल गेट, साईं मंदिर और घंटाघर के सौंदर्य का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दिलाराम चौक का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होना अभी बाकी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर ट्रैफिक जाम की स्थिति होती थी, वहां भी 10 मीटर की चौड़ाई कर दी है, जिसके चलते ट्रैफिक को डायवर्ट करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्यों में उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाया गया है।

**अतिक्रमण पौड़ी**

पौड़ी जिला मुख्यालय में अतिक्रमण पर प्रशासन ने सख्ती करते हुए धारा रोड पर किए गये अतिक्रमण को हटा दिया। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी के नेतृत्व में पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस मार्ग पर चार दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में वाहनों की वजह से दिक्कत हो रही थी, अब दुपहिया वाहन पार्किंग में खड़े किये जाएंगे।

**जिलाधिकारी बैठक**

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बदरीनाथ धाम के स्थानीय लोगों, पंडा पुरोहित समाज और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी पक्षों की समस्याओं को सुनकर सभी विषयों को शासन स्तर पर प्रेषित करने तथा उच्च अधिकारियों से वार्ता कर जन भावनाओं के अनुरूप कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।